पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
——————

राज्यपाल ने राजभवन में इन्नोवेशन हब डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की स्टार्ट अप प्रदर्शनी का किया अवलोकन

——————————

राज्यपाल के समक्ष स्टार्ट अप का किया गया प्रस्तुतीकरण

————

स्टार्ट अप की दुनिया बहुत अच्छी है

——————

युवाओं के बुद्धि और कौशल को सही दिशा में लगाया गया है

——————

विश्वविद्यालय व अन्य संस्थाएं स्टार्ट अप के प्रोडक्ट को खरीद कर उसे प्रमोट करें

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——————

लखनऊः 31 जुलाई, 2024

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में इन्नोवेशन हब डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की स्टार्ट अप प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उनके प्रस्तुतीकरण को देखा।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने राजभवन के गांधी सभागार में उपस्थित विश्वविद्यालय के युवा इन्नोवेटर्स को संबोधित करते हुए कहा कि स्टार्टअप की दुनिया बहुत अच्छी है। इसका उद्देश्य समाज की समस्याओं को जानना, तकनीक के माध्यम से उसका उचित समाधान प्रस्तुत करना, स्वच्छता तथा आय सृजन आदि है। उन्होंने कहा कि युवाओं के पास बुद्धि और कौशल है जिसे सही दिशा में

लगाया गया है। शक्ति, बुद्धि और कौशल से आगे बढ़ते रहिए। इस क्रम में राज्यपाल जी ने नए स्टार्ट अप हेतु कई सुझाव भी दिए। उन्होंने गंदे पानी को शुद्ध करने, नाई की दुकान में इकट्ठा होने वाले बाल की उपयोगिता आदि के संदर्भ में नए स्टार्टअप बनाए जाने के सुझाव दिए।

राज्यपाल जी ने कहा कि स्टार्ट अप के माध्यम से अनुपयोगी चीजों को उपयोगी बनाये, इसके लिए राजभवन की तरफ से हर संभव मदद की जाएगी। उन्होने कहा कि स्टार्ट अप को बढ़ावा दिए जाने हेतु सरकार की संचालित योजनाओं का भी लाभ उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्टार्ट अप समाजोपयोगी, प्रदूषण रहित, आय सृजक आदि उद्देश्यों की पूर्ति करने वाला होना चाहिए। विश्वविद्यालय व अन्य संस्थाएं स्टार्ट अप के प्रोडक्ट को खरीद कर उसे प्रमोट करें ।

इस अवसर पर कुलपति ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, प्रोफेसर जे0पी0 पांडेय ने कहा कि स्टार्ट अप की वजह से आगे आने वाले वर्षों में देश विकसित हो सकेगा।

राजभवन में स्टार्ट अप प्रदर्शनी डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई। इन प्रमुख स्टार्ट अप में स्कूल विद्यार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक्स रोबोटिक और ड्रोन का प्रशिक्षण हेतु फ्यूचर गुरुकुल एजुकेटेड प्राइवेट लिमिटेड, सोलर स्मार्ट बिन, महिला सुरक्षा के लिए पिंक शक्ति एप, हस्त निर्मित उत्पादों हेतु हस्तकला प्रमाणिक, विद्यार्थियों के डिजिटल हेल्थ कार्ड हेतु स्टुफिट का स्कूल ऐप प्रोग्राम, आत्मनिर्भर आधुनिक गौशाला, बिजेंद्र गोशाला, स्कूल कंपनी, बैंक के यूनिफॉर्म हेतु टेक्स 3 डी इन्नोवेशन, अनुपयोगी पानी से बिजली तैयार करने हेतु स्टार्ट अप, रेंजर इंडस्ट्रियल प्राइवेट

लिमिटेड, खामोश जुबान की नई आवाज हेतु साइनिफाई, महिला सुरक्षा हेतु शक्ति एप, फ्रेटबॉक्स, अल्युमिनियम आयन बैटरी हेतु आर्यो ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड, सोलर पैनल, हीटर आदि के इस्तेमाल से हंस तारा ईंट, वसुंधरा बायो फाइबर्स तथा कचरा एकत्रीकरण हेतु कचरा सेठ आदि स्टार्टअप का प्रस्तुतीकरण किया गया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ0 पंकज एल0 जानी, विश्वविद्यालय के अध्यापक व छात्र–छात्राएं भी उपस्थित रहे।

कृष्ण कुमार–सूचना अधिकारी
डॉ0 संगीता चौधरी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र–9454468250